980514 - C2

विद्यार्थी उत्तर-पुस्तिका में मुख पृष्ठ पर कोड नं. अवश्य लिखें।

Class - IX
कक्षा - IX

HINDI
हिन्दी

(Course B)
(पाठ्यक्रम ब)

निर्धारित समय : **3** घंटे] [अधिकतम अंक : **80**

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **12** हैं।
- प्रश्न-पत्र में बाएँ हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **18** प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए **15** मिनट का समय दिया गया है। इस अवधि के दौरान छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

निर्देश :

(i) इस प्रश्न-पत्र के **चार** खंड हैं — **क, ख, ग** और **घ**।

(ii) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।

(iii) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर **क्रमानुसार** - दीजिए।

खंड-क

1. अपठित गद्यांश **5**

अनेक प्रकार की शक्तियाँ जो वरदान की भाँति ईश्वर ने मनुष्य को दी हैं, उनमें वाक् शक्ति भी एक है। यदि मनुष्य की और इन्द्रियाँ अपनी - अपनी शक्तियों से अविकल रहती और वाक् शक्ति उनमें न होती तो हम नहीं जानते, इस गूँगी सृष्टि का क्या हाल होता सब लोग लुंज - पुंज से हो मानो एक कोने में बिठा दिए होते और जो कुछ अनुभव हम दूसरी इन्द्रियों के द्वारा करते उन्हें वाक्शक्ति न होने के कारण आपस में एक - दूसरे से नहीं कह सकते थे। इस वाक्शक्ति में स्पीच वक्तृता और बातचीत दोनों हैं। बातचीत में वक्तृता को नाज़ नखरा जाहिर करने का मौका नहीं दिया जाता जबकि स्पीच में एक बड़े अंदाज में गिन - गिनकर पाँव रखता पुल पिट पर जा खड़ा हो लेडीज एंड जैंटलमैन जैसी स्तुति कर - कराय किसी तरह भाषण आरंभ करता है। कोई ऐसी बात कह दी कि करतल ध्वनि से कमरा गूँज उठा। वक्तृता को ऐसा मौका लाना ही पड़ता है साधारण बातचीत का ढंग घरेलू होता है, उसमें न करतल ध्वनि का मौका होता है न कहकहे लगाने की कोई बात ही होती है ।

उपर्युक्त गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए -

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक है - **1**

(क) वाक्शक्ति (ख) भाषण

(ग) करतल ध्वनि (घ) गूँगी सृष्टि

(ii) किस इन्द्रिय शक्ति के बिना अन्य इन्द्रिय शक्तियाँ निरर्थक जान पड़ती ? **1**

(क) श्रवण शक्ति (ख) वाक्शक्ति

(ग) दृश्य शक्ति (घ) स्पर्श शक्ति

(iii) वाक्शक्ति के अन्तर्गत आती है - **1**

(क) बातचीत (ख) स्पीच

(ग) दोनों (घ) इनमें से कोई नहीं ।

(iv) औपचारिकता निभाई जाती है - **1**

(क) बातचीत में (ख) भाषण में

(ग) दोनों में (घ) इनमें से कोई नहीं

(v) 'करतल ध्वनि' से आशय है - **1**

(क) मुख से निकली ध्वनि

(ख) हाथों की हथेलियों से निकली ध्वनि

(ग) लाउडस्पीकर से निकली अचानक तेज ध्वनि

(घ) वक्तृता की कमरे में गूँजती ध्वनि

2. अपठित गद्यांश - 5

भोजन का असली स्वाद उसी को मिलता है जो कुछ दिन बिना खाए भी रह सकता है। 'जीवन का भोग त्याग के साथ करो।' यह केवल परमार्थ का ही उपदेश नहीं है क्योंकि संयम से भोग करने पर जीवन में जो आनंद प्राप्त होता है, वह निरा भोगी बनकर भोगने से नहीं मिलता है। अकबर ने तेरह साल की उम्र में अपने बाप के दुश्मन को परास्त कर दिया था जिसका कारण था अकबर का जन्म रेगिस्तान में हुआ और उसके पिता के पास एक कस्तूरी को छोड़कर और कोई दौलत नहीं थी। महाभारत के अधिकांश वीर कौरवों के पक्ष में थे मगर जीत पांडवों की हुई क्योंकि उन्होने लाक्षा गृह की मुसीबत झेली थी। उन्होंने वनवास के जोखिम को पार किया था। श्री विंस्टन चर्चिल ने कहा है कि जिंदगी की सबसे बड़ी सिफ़त हिम्मत है। आदमी के और सारे गुण उसके हिम्मती होने से ही पैदा होते हैं ।

उपर्युक्त गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए ।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक है - 1

(क) पांडव (ख) कौरव

(ग) भोजन (घ) हिम्मत और जिंदगी

(ii) भोग का आनंद छिपा है - 1

(क) भोगने में (ख) त्याग में

(ग) दोनों में (घ) इनमें से कोई नहीं

(iii) पांडवों की जीत का कारण था - 1

(क) कष्टों को सहन करना (ख) वनवास के जोखिम पार करना

(ग) दोनो (घ) इनमें से कोई नहीं

(iv) श्री विंस्टन चर्चिल मनुष्य का मुख्य गुण, जो सफल बनाता है, मानते हैं - 1

(क) त्याग (ख) भोग

(ग) हिम्मत (घ) सहनशीलता

(v) लेखक ने अकबर की विजय का कारण माना है - 1

(क) पिता के दुश्मन को (ख) कम आयु को

(ग) रेगिस्तान में जन्म लेकर कष्ट झेलने को (घ) इनमें से कोई नहीं ।

3. अपठित काव्यांश - 5

मैं तुम्हारी मौन करुणा का सहारा चाहता हूँ
प्रश्न चिह्नों में उठी हैं
भाग्य सागर की हिलोरें
आसूँओं से रहित होंगी
क्या नयन की नमित कोरें ?
जो तुम्हें कर दे द्रवित

वह अश्रुधारा चाहता हूँ ।

मैं तुम्हारी मौन करुणा का सहारा चाहता हूँ ।

जोड़ कर कण - कण कृपण

आकाश ने तारे सजाए

जो कि उज्ज्वल हैं सही

पर क्या किसी के काम आए ?

प्राण मैं तो मार्ग दर्शक एक तारा चाहता हूँ

मैं तुम्हारी मौन करुणा का सहारा चाहता हूँ

यह उठा कैसा प्रभंजन, जुड़ गई जैसे दिशाएँ

एक तरणी, एक नाविक और कितनी आपदाएँ

क्या कहूँ मझदार में ही मैं किनारा चाहता हूँ

मैं तुम्हारी मौन करुणा का सहारा चाहता हूँ ।

उपर्युक्त काव्यांश को पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए ।

(i) उपर्युक्त काव्यांश का उपयुक्त शीर्षक है - **1**

(क) तरणी (ख) नाविक

(ग) मौन करुणा (घ) ईश्वर

(ii) कवि ने ईश्वर की करुणा को मौन क्यों कहा है ? क्योंकि - **1**

(क) ईश्वर बोल नहीं सकते ।

(ख) ईश्वर करुणा करके मनुष्य की भाँति जगह - जगह नहीं बताते ।

(ग) करुणा चुपचाप ही हो सकती है ।

(घ) उपर्युक्त तीनों

(iii) कवि ने कंजूस कहा है - **1**

(क) स्वयं को (ख) ईश्वर को

(ग) आकाश को (घ) तारों को

(iv) कवि आकाश के लाखों तारों की अपेक्षा एक तारा चाहता है। वह तारा है - **1**

(क) ध्रुव तारा (ख) पुश्चल तारा

(ग) धूम्र केतु (घ) सूरज

(v) 'सूरज' समाज के किस वर्ग का प्रतिनिधित्व करता है ? **1**

(क) कंजूस प्रवृत्ति के लोगों का (ख) गरीबों और अभाव ग्रस्त जीवन जीने वालों का

(ग) परोपकारी लोगों का (घ) इनमें से कोई नहीं ।

4. अपठित काव्यांश - 5

स्वातंत्र्य उमंगों की तरंग, नर में गौरव की ज्वाला है,
स्वातंत्र्य रुह की ग्रीवा में, अनमोल विजय की माला है,
स्वातंत्र्य भाव नर का अदम्य, वह जो चाहे कर सकता है
शासन की कौन बिसात ? पाँव विधि की लिपि पर रख सकता है ।
जिंदगी वहीं तक नहीं, ध्वजा जिस जगह विगत युग ने गाड़ी
मालूम किसी को नहीं अनागत, नर की दुविधाएँ सारी।
सारा जीवन नप चुका, कहे जो वह दासता प्रचारक है
नर के विवेक का शत्रु, मनुज की मेधा का संहारक है।
लक्ष्मण रेखा के दास तटों तक ही जाकर फिर आते हैं
वर्जित समुद्र में नाव लिए, स्वाधीन वीर ही जाते हैं ।
आज़ादी का अधिकार खोज की राह पर आने का
आज़ादी का अधिकार नए द्विपों का पता लगाने का
रोटी उसकी, जिसका अनाज, जिसकी जमीन, जिसका श्रम है
अब कौन उलट सकता, स्वतंत्रता का सुसिद्ध सीधा क्रम है
आज़ादी है अधिकार परिश्रम का पुनीत फल पाने का
आज़ादी है अधिकार, शोषणों की धज्जियाँ उड़ाने का

उपर्युक्त काव्यांश को ध्यान से पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए ।

(i) उपर्युक्त काव्यांश का उपयुक्त शीर्षक है - 1

(क) समुद्र (ख) शोषण
(ग) स्वतंत्र मनुष्य (घ) मेधा

(ii) समुद्र में घुसने का साहस करते है - 1

(क) नाव चलाने वाले (ख) जो तैरना जानते हों
(ग) स्वाधीन वीर नाविक (घ) उपर्युक्त तीनों में से कोई नहीं

(iii) कवि नई खोज करने, शोषण की धज्ज्याँ उड़ाना मानता है - 1

(क) आज़ादी का अधिकार (ख) ग्रीवा
(ग) दासता - प्रचारक (घ) इनमें से कोई नहीं

(iv) स्वतंत्रता का मनुष्य पर प्रभाव पड़ता है कि वह - 1

(क) उमंग और गरिमा से भरा होता है (ख) अपने भाग्य का निर्माण स्वयं कर सकता है
(ग) दोनों (घ) इनमें से कोई नहीं

(v) रोटी पर सबसे पहला अधिकार है - **1**

(क) धनी लोगों का

(ख) शक्तिशली लोगों का

(ग) श्रम करके अनाज़ उत्पादन करने वाले किसान का

(घ) दास - प्रचारकों का

खंड-ख

5. (i) 'प्रवेश' शब्द का वर्ण-विच्छेद है - **1**

(क) प् + र् + अ + व् + ऐ + श् + अ

(ख) प् + र् + अ + व् + ए + श् + अ

(ग) प् + अ + र् + व् + ए + श् + अ

(घ) प् + अ + र् + अ + व् + ए + श् + अ

(ii) 'विज्ञान' शब्द का उपयुक्त वण-विच्छेद है - **1**

(क) व् + ई + ज्ञे + आ + न् + अ

(ख) व् + इ + ज्े + ञ् + आ + न् + अ

(ग) व् + इ + ग् + य् + आ + न् + अ

(घ) व् + ई + ज् +ञ् + आ + न् + अ

(iii) 'आर्थिक' शब्द का वर्ण - विच्छेद होगा - **1**

(क) आ + र् + थ् + इ + क्+ अ (ख) आ + इ + र् + थ् + इ + क् + अ

(ग) आ + थ् + इ + र् + क् + अ (घ) अ + र् + थ् + इ + क् + अ

(iv) 'मङ्गला' शब्द का मानक रुप है - **1**

(क) मंङला (ख) मंग्ला

(ग) मडग्ला (घ) मंगला

6. (i) नीचे दिए गए शब्दों में अनुनासिक का प्रयोग किस शब्द में है ? **1**

(क) हँसना (ख) आँख

(ग) दोनों में (घ) पंकज

(ii) नुक्ता वाला शब्द है - **1**

(क) मज़हब (ख) मजहब्र

(ग) महजब (घ) कोई नहीं

(iii) 'संगठन' शब्द में उपसर्ग एवं मूलशब्द है - 1

(क) संग, ठन (ख) सं, गठन

(ग) सम, गठन (घ) सम्, गठन

(iv) 'उद्योग' शब्द में उपसर्ग एवं मूलशब्द है - 1

(क) उद् , योग (ख) उत् , योग

(ग) उद्य, ओग (घ) उ, द्योग

7. (i) 'परमाणविक' शब्द में मूल शब्द एवं प्रत्यय है - 1

(क) पर, माणविक (ख) परमाणु, इक

(ग) परमाण, विक (घ) परम, आणविक

(ii) 'महँगाई' शब्द में प्रत्यय है - 1

(क) ई (ख) आई

(ग) गाई (घ) इ

(iii) 'धूल' शब्द का पर्याय है - 1

(क) रज (ख) रेणु

(ग) गर्द (घ) तीनों

(iv) 'फूल' शब्द का पर्याय नहीं है - 1

(क) कुसुम (ख) सुमन

(ग) सरोज़ (घ) प्रसून

8. (i) ' विचित्र' शब्द का विलोम है - 1

(क) अनोखा (ख) चित्र

(ग) साधारण (घ) इनमें से कोई नहीं

(ii) 'पूर्णिमा' का विलोम है - 1

(क) पितृ पक्ष (ख) अपूर्णमा

(ग) अमावस्या (घ) लुप्तोपमा

(iii) 'आत्मा' शब्द का अनेकार्थक शब्द है - 1

(क) बहमांश (ख) सूर्य

(ग) अग्नि (घ) तीनों

(iv) 'दंड' शब्द का अनेकार्थक शब्द है - 1

(क) डंडा (ख) सज़ा

(ग) एक व्यायाम (घ) उपर्युक्त तीनों

9. (i) 'ईश्वर में विश्वास करने वाला' वाक्यांश के लिए एक शब्द है - 1

(क) आध्यात्मिक (ख) आस्तिक

(ग) नास्तिक (घ) इनमें से कोई नहीं

(ii) 'संपादक' के लिए वाक्यांश है - 1

(क) लेख या रचना शुद्ध करके प्रकाशन योग्य बनाने वाला

(ख) संवाद एकत्र करने वाला

(ग) संपदा उत्पादन करने वाला

(घ) इनमे से कोई नहीं

(iii) मुम्बई हमले में भारतीय कमांडो ने ------- लोगों को आतंकवादियों सं चंगुल से छुड़ाया (रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त मुहावरा होगा) 1

(क) जान की बाजी लगाकर (ख) पेंच लगाकर

(ग) तीन दो पाँच करके (घ) नौ - दो - ग्यारह होकर

(iv) 'बिजली गिरना' मुहावरे का आशय है - 1

(क) किसी पर मुग्ध होना (ख) बहुत शोर होना

(ग) अचानक मुसीबत आ पड़ना (घ) ताकत बढ़ाना

खंड- 'ग'

10. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चनुकर दीजिए । 5

यां आदमी पै जान को वारे है आदमी,
और आदमी पै तेग को मारे है आदमी,
पगड़ी भी आदमी की उतारे है आदमी
चिल्ला के आदमी को पुकारे है आदमी
और सुनके दौड़ता है सो है वो भी आदमी

(i) 'आदमी पै तेग को मारे है आदमी' से आशय है - 1

(क) आदमी ही आदमी का खून करता है । (ख) आदमी ही आदमी का अभिमान मारता है ।

(ग) आदमी ही आदमी का साथ देता है । (घ) आदमी ही आदमी को पुकारता है ।

(ii) आदमी के आज विविध रुप हैं क्योंकि - 1

(क) वह अपनी आदमियत को खो रहा है ।

(ख) वह स्वार्थवश किसी के साथ अनर्थ करने से नहीं चूक रहा है ।

(ग) दोनों कथन असत्य है ।

(घ) दोनों कथन सत्य हैं ।

(iii) उपर्युक्त पंक्तियों में कितने प्रकार के आदमियों की चर्चा की गई है ? 1

(क) तीन (ख) चार

(ग) पाँच (घ) एक

(iv) 'पगड़ी उतारने' से आशय है - 1

(क) सिर की मालिश करना

(ख) मान - सम्मान को ठेस पहुँचाना

(ग) आराम करने के लिए तैयार होना

(घ) इनमें से कोई नहीं

(v) आदमी का कौन - सा गुण आदमियत का प्रमाण है ? 1

(क) आदमी पर तलवार चलाना

(ख) चीख सुनकर सहायता के लिए दौड़ पड़ना

(ग) आदमी की इज्ज़त उतारना

(घ) आदमी पर प्रहार करना

अथवा

रहिमन निज मन की विथा, मन ही राखो गोय ।
सुन अठिलै हें लोग सब, बाँट न लै हैं कोय ॥
एकै साधे सब सधै, सब साधै सब जाय ।
रहिमन मूलहिं सींचिबो, फूलै फलै अधाय ॥

(i) रहीमदास दुःख की स्थिति में क्या करने की सलाह देते हैं ? 1

(क) मित्रों से बताने की

(ख) पड़ोसियों से बताने की

(ग) सगे - संबंधियों से बताने की

(घ) अपने दुःख को किसी से भी न बताने की

(ii) दूसरे दौहे का मूलभाव है - **1**

(क) अनेक देवी देवताओं की उपासना से अच्छा है, परब्रह्म की उपासना करना

(ख) एक व्यक्ति को पकड़ने से सबको पकड़ सकते हैं।

(ग) सभी देवताओं की उपासना करना चाहिए ।

(घ) जड़ को ही सींचना चाहिए पत्तों को नहीं

(iii) दुःख को मन में न छुपाने से क्या हो सकता है ? **1**

(क) लोग सुनकर हँसी उड़ाएँगे

(ख) दुःख को सुनकर बाँटेंगे नहीं

(ग) दोनों

(घ) इनमें से कोई नहीं

(iv) पहले दोहे का मूलभाव है - **1**

(क) अपने दुःखों को अपने मन में ही छुपाकर रखना चाहिए क्योंकि लोग उसे सुनकर बाँटने की अपेक्षा मजाक बनाएँगे

(ख) दुःख बाँटने से हल्का हो जाता है ।

(ग) दोनों कथन सत्य हैं

(घ) इनमें से कोई नहीं

(v) दुःख को मन में छुपाने से क्या हो सकता है ? **1**

(क) लोग सुनकर हँसी उड़ाएँगे

(ख) दुःख को सुनकर उसे बाँटेंगे नहीं

(ग) दोनों कथन सत्य हैं

(घ) इनमें से कोई नहीं ।

11. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए **2.5+2.5=5**

(क) अखाड़े की मिटटी की क्या विशेषता होती है ?

(ख) कविता को विडंबना मानते हुए लेखक ने क्या कहा है ?

(ग) लड़के को बचाने के लिए बुढ़िया माँ ने क्या - क्या उपाय किए ?

(घ) डॉ. मीनू का सामान्य परिचय देते हुए स्पष्ट कीजिए कि उन्होंने पर्वतारोही दल को क्या जानकारी दी ?

12. भगवाना के समान बहुत से लोग अंध विश्वास के चलते मौत के मुँह में चले जाते हैं। इस कथन को ध्यान में रखते हुए अंध विश्वासों को दूर करने के कुछ सुझाव दीजिए । **5**

अथवा

एवरेस्ट यात्रा में क्या - क्या तैयारियाँ करनी पड़ती है? पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

13. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 5

जिसका बचपन गाँव के गलियारे की धूल में बीता हो, वह इस धूल के बिना किसी शिशु की कल्पना कर ही नहीं सकता। फूल के ऊपर जो रेणु उसका श्रृंगार बनती है, वही धूल शिशु के मुँह पर उसकी सहज पार्थिवता को निखार देती है। अभिजात वर्ग ने प्रसाधन सामग्री में बड़े - बड़े आविष्कार किए लेकिन बालकृष्ण के मुँह पर छाई हुई वास्तविक गोधूलि की तुलना में वह सभी सामग्री क्या धूल नहीं हो गई ?

(i) 'अभिजात वर्ग' से क्या अभिप्राय है ? 1

(ii) 'क्या धूल नहीं हो गई' ? वाक्यांश में धूल शब्द की व्यंजना को स्पष्ट कीजिए । 1

(iii) लेखक शिशु की धूल को प्रसाधन सामग्री की अपेक्षा कैसा मानता है ? 2

(iv) बालकृष्ण के मुँह पर लगी गोधूलि किसे धूल में मिला देती है ? 1

अथवा

वह संभ्रांत महिला पुत्र की मृत्यु के अढ़ाई मास बाद तक पलंग से उठ न सकी थी। उन्हें पन्द्रह - पन्द्रह मिनट बाद पुत्र वियोग से मुर्छा आ जाती थी और मूर्छा न आने की अवस्था में आँखों से आँसू न रुक सकते थे। दो - दो डॉक्टर हमेशा सिरहाने बैठे रहते थे। हरदम सिर पर बर्फ रखी जाती थी। शहर भर के लोगों के मन उस पुत्र शोक से द्रवित हो उठे थे ।

(i) पुत्र - वियोग की मूर्छा खुलने पर क्या होता था ? 1

(ii) लेखक किस महिला के दुःख की चर्चा करता है और क्यों ? 2

(iii) महिला पलंग से क्यों न उठ सकी ? 1

(iv) उपर्युक्त गद्यांश में क्या व्यंग निहित है ? 1

14. (क) रहीम सागर की बड़ाई करने के पक्ष में क्यों नहीं हैं ? 1

(ख) आदमी नामा कविता को पढ़कर आपकी दृष्टि में आदमी का आधुनिक रुप कैसा प्रतीत होता है ? 2

(ग) कवि रैदास, नामदेव, कबीर, त्रिलोचन और सधना की चर्चा क्यों करते हैं ? 2

15. लेखक की माँ ने घटना सुनकर लेखक को गोद में क्यों बिठा लिया ? 'स्मृति' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए । 3

अथवा

गिल्लू को मुक्त क्यों और कैसे किया गया ?

16. जिलाधिकारी ने लेखक को आलू की खेती के संदर्भ में क्या जानकारी दी । 2

खंड -घ (लेखन)

17. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग **100** शब्दों में किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए । **5**

(क) वन्य - जीव - संरक्षण

- वन्य - जीव - जंतुओं का परिचय
- कुछ प्रजातियों को खतरा
- शिकारी पर शिकंजा
- प्रकृति संतुलन

(ख) आतंकवाद - एक विश्व व्यापी समस्या

- आतंकवाद से आशय
- कुछ आतंकवादी संगठन
- आतंकवाद का उद्देश्य
- सरकार का दायित्व

(ग) हिंदी - राष्ट्रभाषा के रूप में

- भारतीय संविधान में हिंदी की स्थिति
- राज भाषा एवं राष्ट्र भाषा में अंतर
- दक्षिणी भारत की भूमिका

18. 'वृक्षारोपण' हेतु निकलने वाली रैली में सम्मिलित होने के लिए मित्र को एक पत्र लिखिए । **5**

अथवा

'प्राणायाम' की प्रेरणा देते हुए अपने छोटे भाई को एक पत्र लिखिए ।

- o O o -